INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
पाठ- चाँद से थोड़ी गप्पें	Topic -प्रश्नोत्तर तथा व्याकरण भाग	Note: Pl. write in your note book.

पाठ – 1 - 'चाँद से थोड़ी गप्पें' (कविता)

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न – 1 चाँद की पोशाक पर क्या जड़ा है?
उत्तर :- चाँद की पोशाक पर तारे जड़े हैं |

प्रश्न – 2 चाँद घटते-घटते कब गायब हो जाता है?
उत्तर :- चाँद घटते-घटते अमावस्या को गायब हो जाता है |

प्रश्न – 3 'चारों सिम्त' का क्या अर्थ है?
उत्तर :- यहाँ 'चारों सिम्त' का अर्थ है – चारों दिशाएँ |

प्रश्न – 4 चाँद के चेहरे का रंग कैसा है ?
उत्तर :- चाँद के चेहरे का रंग गोरा - चिट्टा है |

प्रश्न – 5 लड़की के अनुसार चाँद की बीमारी कैसी है ?
उत्तर :- लड़की के अनुसार चाँद की बीमारी लाइलाज है|

प्रश्न – 6 'चाँद से थोड़ी गप्पें'कविता के कवि का नाम लिखिए |
उत्तर :- 'चाँद से थोड़ी गप्पें' कविता के कवि का नाम शमशेर बहादुर सिंह है|

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न -1 चाँद का चेहरा कैसा है और वह कैसा नज़र आता है?
उत्तर :- चाँद का चेहरा गोरा - चिट्टा और गोल - मटोल है और वह तिरछा नज़र आता है |

प्रश्न -2 लड़की किससे और क्या बातें कर रही है ?
उत्तर :- लड़की चाँद से बातें करते हुए उसके आकार-प्रकार और उसकी पोशाक के बारे में बातें कर रही है।
प्रश्न -3 लड़की के अनुसार चाँद बढ़ते - बढ़ते किस स्थिति को प्राप्त करता है ?
उत्तर :- लड़की के अनुसार चाँद उस समय तक बढ़ता जाता है जब तक कि वह बिल्कुल गोल ना

हो जाए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न - 1चाँद की पोशाक के बारे में कविता में क्या कहा गया है?

उत्तर:- चाँद ने पूरे आकाश को अपनी पोशाक बना लिया है , जिसमें तारे जड़े हैं । इस पोशाक में चाँद इस तरह लिपटा हुआ है कि उसके बीच से केवल उसका गोल -मटोल चेहरा ही दिखाई देता है।

प्रश्न -2 लड़की खुद को बुद्धू समझने से क्यों मना करती है ?

उत्तर:- लड़की चाँद से कहती है कि उसे चाँद के घटने- बढ़ने और तिरछे नज़र आने का कारण पता है| चाँद उसे बेवकूफ ना समझे। वह जानती है कि चाँद किसी बीमारी से पीड़ित होने के कारण इस तरह घटता -बढ़ता रहता है |

शब्दार्थ :-

1-तिरछे – टेढ़े **slanting**

2-जड़ा होना – लगा होना **to fixed on , to attach**

3-पोशाक – वस्त्र ,कपड़े **cloths**

4-चारों सिम्त - चारों ओर **all around**

5-गोरा - चिट्टा , सफ़ेद **fair , white**

6-नज़र आना – दिखाई देना **Appearance**

7-बुद्धू-मूर्ख - **foolish**

8-गोकि-यानि - **it meant**

9-निरा – एकदम **absolute**

1**0**-घटना – कम होना **decrease**

1**1**-बढ़ना - **increase**

1**2**-मरज़-बीमारी **illness**

व्याकरण भाग :-

प्रश्न - 1 - निम्नलिखित शब्दों से दो- दो पर्यायवाची बनाइए:-

1 – आँख - नयन , नेत्र , लोचन
2 – किनारा - तट , तीर , कूल
3 – कपड़ा - वस्त्र , पट , चीर
4 – घर - गृह , धाम , सदन
5 – दिन - दिवस , वार , वासर
6 – गाय - गोऊ , धेनु , गौ
7 – कमल - जलज , नीरज , पंकज

प्रश्न - 2 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए :-

1 - अगला – पिछला
2 - आदि – अंत
3 - गुण – दोष
4 - हिंसा – अहिंसा
5 - आग – पानी
6 - छोटा – बड़ा
7 - दिन – रात
8 - धर्म – अधर्म
9 - न्याय – अन्याय
10 - आज – कल

प्रश्न - 3 – निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए :-

पुल्लिंग		स्त्रीलिंग
1 - पिता	–	माता
2 - राजा	–	रानी
3 - भाई	–	बहन
4 - मोर	–	मोरनी
5 - नौकर	–	नौकरानी
6 - गुणवान	–	गुणवती
7 - लड़का	–	लड़की
8 - माली	–	मालिन

9 - मौसा – मौसी

10 - शेर – शेरनी

प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों के लिंग बदलकर लिखिए :-

1 - पिता जी ने बाज़ार से पुस्तक ख़रीदी |

उत्तर - माता जी ने बाज़ार से पुस्तक ख़रीदी |

2 - राजा का भाई बहुत गुणवान है |

उत्तर रानी की बहन बहुत गुणवती है |

3 - माली ने मौसा जी को बगीचा दिखाया |

उत्तर मालिन ने मौसी जी को बगीचा दिखाया |

4 - मैंने सरकस में शेर का खेल देखा |

उत्तर - मैंने सरकस में शेरनी का खेल देखा |

5 - काले बादल देखकर मोर नाचने लगा |

उत्तर - काले बादल देखकर मोरनी नाचने लगी |

6 - लड़के ने नौकर को बुलाया |

लड़की ने नौकरानी को बुलाया |

प्रश्न -4 - निम्नलिखित मुहावरों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए:-

1 - मुँह में पानी आना- (अर्थ- ललचा जाना) – चॉकलेट देखकर बच्चे के मुँह में पानी आ गया ।

2 - आँखों में धूल झोंकना - (अर्थ- धोखा देना) - चोर पुलिसवाले की आँखों में धूल झोंककर भाग गया ।

3 - आसमान सिर पर उठाना - (अर्थ- बहुत शोर करना) - अध्यापिका के कक्षा से जाते ही छात्रों ने आसमान सिर पर उठा लिया।

4. कहासुनी हो जाना - (अर्थ- झगड़ा होना) वाक्य – आज मीना की रीता से कहासुनी हो गई इसलिए वह बहुत दुखी है |

5 - गले का हार-(अर्थ- बहुत प्रिय) –बच्चे माता – पिता के गले का हार होते हैं।

6. हवा से बातें करना –(अर्थ- बहुत तेज भागना) वाक्य- महाराणा प्रताप का घोड़ा चेतक तो हवा से बातें करता था ।

****